Publication Name: Dainik Jagran
Publication Date: 12/03/2026
Edition: National
Page No: 3
CCM: 1768.08

'Bharat Taxi' service to reach all major cities in two-three years

दो-तीन वर्षों में सभी बड़े शहरों, तक पहुंचेगी 'भारत टैक्सी' सेवा

नई दिल्ली, प्रेट्र : सहकारिता क्षेत्र की महत्वाकांक्षी 'भारत टैक्सी' सेवा आने वाले समय में देश के कोने-कोने तक पहुंचने के लिए तैयार है। राज्यसभा में सहकारिता समितियों द्वारा रोजगार सृजन से जुड़े सवालों का जवाब देते हुए सहकारिता राज्यमंत्री कृष्ण पाल ने बुधवार को इस विस्तार योजना की घोषणा की। कहा कि इस सेवा का विस्तार अगले दो-तीन वर्षों में सभी बड़े शहरों-तालुकाओं में किया जाएगा।

ड्राइवरों का सशक्तीकरण और सुरक्षा का भरोसा : मंत्री ने बताया कि भारत टैक्सी की शुरुआत मुख्य रूप से ड्राइवरों को सशक्त बनाने और उनकी आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से की गई है। इसके तकनीकी और सुरक्षा पहलुओं पर जोर देते हुए कहा, 'इसकी बुकिंग मोबाइल एप के जरिये आसानी से की जा सकती है। यह सुरक्षा की पूरी गारंटी देता है और इसमें पूर्ण पारदर्शिता है। इसे दिल्ली पुलिस के साथ भी एकीकृत किया गया है।' इस समय यह सेवा दिल्ली-एनसीआर के साथ-साथ अहमदाबाद, राजकोट, सोमनाथ और द्वारका जैसे प्रमुख शहरों में चल रही है।

- **रास में सहकारिता राज्यमंत्री कृष्ण पाल ने सेवा विस्तार योजना की घोषणा की**
- **इससे शहरी यातायात सुलभ होने के साथ रोजगार के नए अवसर होंगे**

केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्ण पाल बुधवार को राज्यसभा में बोलते हुए। एएनआइ

सहकारिता माडल और भविष्य का लक्ष्य : पिछले महीने केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा लांच की गई 'भारत टैक्सी' देश का पहला सहकारी संचालित राइड-हेलिंग प्लेटफार्म है। अब तक लगभग चार लाख ड्राइवर इस प्लेटफार्म से जुड़ चुके हैं। बिचौलियों की भूमिका कम होने से ड्राइवरों को उनकी मेहनत का उचित लाभ मिलेगा। इस विस्तार से शहरी यातायात सुलभ होगा और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।